दिनांक 13.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर द्वारा प्रदेश के सभी नगर पालिक निगमों, नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों में शासकीय शालाओं में व्याख्याता (न.नि.) के रिक्त पदों की पूर्ति व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से की गई है, चयनित अभ्यर्थियों ने ऑनलाईन काउंसिलिंग में भाग लेकर नगर निगम, में अंकित किया है, वे अपना सम्पूर्ण दस्तावेंज सत्यापन कराने हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई के शिक्षा विभाग में उपस्थित हुए।

निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान के द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई में व्याख्याता के पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 13.12.2017 को दस्तावेंज सत्यापन करने हेतु (1) श्री आर.के. साहू अधीक्षण अभियंता (2) श्री सुभाष सिंह ठाकुर जन संपर्क अधिकारी (3) श्री देवव्रत देवांगन प्रभारी अधीक्षक सा.प्र.वि.न.पा.नि. भिलाई समिति का गठन किया गया। नवनियुक्त शिक्षा अधिकारी श्री राजेन्द्र राव की उपस्थिति में 26 व्याख्याताओं के दस्तावेंज के परीक्षण किये गये। इनमें गणित 1 पद, अंग्रेजी 1 पद, भौतिक 11 पद, जीव विज्ञान 1 पद, रसायन 5 पद, वाणिज्य 7 पद के व्याख्याता शामिल हुए।

शिक्षा अधिकारी श्री राजेन्द्र राव के टीम ने दस्तावेजों में शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीयन, पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के मूलप्रति से मिलान कर सत्यापन किया गया तथा तीन सेट तैयार कर शिक्षा विभाग में जमा किया गया है। प्रत्येक अभ्यर्थियों के दस्तावेज के बारिकी से जॉच की गई। उपस्थित अभ्यर्थियों ने संपूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित हुए थे। जॉच उपरान्त इन अभ्यर्थियों की सूची महापौर परिषद् को अनुमोदनार्थ रखा जाएगा।

परीक्षण कराने उपस्थित 26 अभ्यर्थियों के नाम **गणित में** संजय कुमार साहू, **अंग्रेजी में** सविता यादव, **भौतिक में** दिप्ती सिंग, सुमन साव, नागेश्वर, सुदेश चौरसिया, नरसिंग साहू, दीपचंद, गोमेन्द्र कुमार ठाकुर, नेहा ठाकुर, ओम प्रकाश खोब्रागढ़े, प्रेरणा साहू, **जीव विज्ञान में** शशि देवी, **रसायन में** रवि चौहान, नीरजा अरोरा, वंदना जालान, श्रद्धा नेताम, अजय कुमार, **वाणिज्य में** राजेश्वरी तिवारी, विनोद कुमार, हरीश चंद्र वर्मा, प्रीति सलाम, कुलेश्वर प्रसाद पैकरा, सीमा, किरण।

शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षण उपरान्त सभी 26 अभ्यर्थियों की सूची महापौर परिषद् को अनुमोदनार्थ हेतु भेजा जाएगा। बैंठक में श्री मूर्ति शर्मा आवास एवं गुमटी प्रभारी अधिकारी, उषा शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

जन संपर्क अधिकारी